# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# निर्माण खण्ड (भवन विंग), लो0नि0वि0, झाँसी।

पत्रांकः—1071 / NOC /2021-22 दिनॉक 04-08-2021

सेवा में,

अधीक्षण अभियन्ता (कार्य),
विद्युत कार्य मण्डल, हाईडिल कॉलौनी,
सिविल लाईन्स, झाँसी।

विषयः— 220 के0वी0 उपकेन्द्र, बबीना से 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र एम0ई0एस0 एवं बी0एच0ई0एल0 हेतु 33 के0वी0 लिंक लाईन के निर्माण हेतु एन0एच0—26 (चैनेज 27+980) में एन0ओ0सी0 के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः—अधीक्षण अभियन्ता, झाँसी वृत्त, लो0नि0वि0 झाँसी का पत्रांक 5464/77 सी0 झाँवृ0/2021 दिनॉक 31.07.2021 एवं आपका पत्रांक — 205/वि0का0मा0/झाँसी/ दिनॉक 17.07.2021

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक के क्रम में आप द्वारा पुराने एन0एच0—26 जो वर्तमान में झाँसी — बबीना मार्ग (अन्य जिला मार्ग) है, के किमी0 28 (चैनेज 27+980) एवं एन0एच0 — 44 ज्वाईण्ट के पास 33/11 के0वी0ए0 लिंक लाईन निर्माण हेतु अनुमति मांगी गयी है, जिस हेतु आपको निम्नवत शर्तो के अन्तर्गत अनापत्ति (NOC) दी जा रही है।

1. मार्ग के मध्य से 55' की दूरी पर विद्युत पोल व अन्य उपकरण लगाये जायें।
2. मार्ग की वायी पटरी से एन0एच0—44 की सीमा पड़ती है। यदि कोई कार्य एन0एच0—44 की सीमा के अन्तर्गत कराया जाना है, तो उसकी एन0ओ0सी0 सम्बन्धित एन0एच0आई0 से प्राप्त करने के बाद कार्य कराया जायें।
3. आप द्वारा कराये जाने वाले कार्यो से मार्ग यातायात में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो तथा यातायात पूरी तरह सुरक्षित रहे।
4. भविष्य में मार्ग चौड़ीकरण होने पर आपको लो0नि0वि0 की भूमि में लगाये गये विद्युत पोल आदि स्वयं के व्यय से शिफ्ट करना पड़ेगा, इसके लिये लो0नि0वि0 से धनराशि की मांग नही की जायेगी।

4/8/21

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड (भवन विंग),
लो0नि0वि0, झाँसी

पत्रांकः— / / दिनॉक

प्रतिलिपिः—

1. अधीक्षण अभियन्ता, झाँसी वृत्त, लो0नि0वि0, झाँसी को उनके सन्दर्भित पत्र सं0 5464 दिनॉक 31.07.2021 के क्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड, हाईडिल कॉलोनी, सिविल लाईन झाँसी को उनके पत्रांक 148/वि0मा0का0ख0/झाँसी दिनॉक 14.07.2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सहायक अभियन्ता (तृतीय), निर्माण खण्ड (भवन विंग), लो0नि0वि0, झाँसी को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड (भवन विंग),
लो0नि0वि0, झाँसी